अन्य भागों के समान लाने के बारे में क्या कार्यवाही की जा रही हैं ?

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) :(क) 1971 को जनगणना पर आधारित 1972-73 के दौरान सम्पूर्ण महाकौशल क्षेत्र के विभिन्न जिलों में विद्युत की प्रतिव्यक्ति खपत निम्नलिखित है :—

जिला	प्रति व्यक्ति खपत (यूनिट में)
रायपुर	34
बस्तर	12
बिलासपुर	36
रायगढ़	18
दुर्ग	296
सरगुजा	38
जबलपुर	130
नरसिंघपुर	18
माण्डला	4
दमोह	8
सागर	32
छिंदवाड़ा	47
बालाघाट	11
सिओनों	8
होशंगाबाद	47
बेतल	22
पूर्वो निमाड़	158

शेष मध्य प्रदेश में विद्युत की प्रति व्यक्ति खपत 39 युनिट थी और अखिल भारतीय औसत 96.6 युनिट थी ।

विद्युत (ऊर्जा) को प्रति व्यक्ति उपलब्धता विद्युत उत्पादन क्षमता जमा अन्त: सम्पर्कों पर संभव आयात पर निर्भर करती है और इसे जिलावार नहीं दिया जा सकता । मध्य प्रदेश में, ऊर्जा की प्रति व्यक्ति उपलब्धता 1972–73 में 79 यूनिट थी ।

(ख) विभिन्न राज्यों के बीच और यहां तक की उसी राज्य के विभिन्न क्षत्रों में असमानताओं को दूर करने के लिए सरकार की नीति के अनुसार विभिन्न जिलों मे विद्युतीकरण स्कीमें शरू की जा रही है ताकि अपेक्षाकृत पिछड़े हुए जिलों में और तेजी से विकास किया जा सके इसी प्रकार विद्युत तथा उद्योगों आदि के आयोजन का राज्यों के बीच असमानताओं को हटाना एक लक्ष्य है ।

मध्य प्रदेश मे पांचवी पंच वर्षीय योजना के दौरान 94 मैगावट की कुल विद्युत उत्पादन परियोजनाएं प्रतिष्ठापन के लिए परिकल्पित हैं ।

बिजली की कमी को पूरा करने के लिए मध्य प्रदेश द्वारा मांगी गई धनराशि

6082. **श्री गंगा चरण दीक्षित :** क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य में बिजली की अनुमानित कमी को पूरा करने के लिए धनराशि देने के लिए केन्द्रीय सरकार को कोई ज्ञापन दिया है;

(ख) यदि हां, तो उस ज्ञापन में दी गई मुख्य बातें क्या हैं ; और

(ग) उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठता।

मध्य रेलवे के स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार के मामले

6083. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में मध्य रेलवे के स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार के कितने मामले सरकार के नोटिस मे लाये गये है, और

(ख) उन पर क्या कार्यवाही की गई है और उसके क्या परिणाम रहे हैं ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मोहम्मद शफी कुरेशी): (क) तथाकथित भ्रष्टाचार के 19 मामलो की शिकायतें मिली थी।

(ख) 5 मामलो में शिकायते गुमनाम पायी गयी थी इसलिए उनकी जांच नही की गयी। एक मामले में आगे कार्यवाई बन्द कर दी गयी। 6 मामलों में आरोप प्रमाणित नहीं हो सके। तीन मामलों में अभी जांच पड़ताल जारी है जबकि अन्य 3 मामलो में जांच पूरी हो चुकी है और उन मामलो को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। एक मामले में अभियुक्त कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाई की जा रही है।

चौथी योजना में मध्य प्रदेश में ग्रामीण विद्युतीकरण का लक्ष्य

6084. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या सिंचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चौथी योजना मे मध्य प्रदेश के लिए निर्धारित ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यक्रम के लक्ष्य प्राप्त हो जाएंगे; और

(ख) यदि नही, तो उसमें कितनी कमी रह जाएगी ?

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद): (क) और (ख). चतुर्थ योजना के दौरान केवल पम्पसेटो के ऊर्जन के लिए ही लक्ष्य निर्धारित किया गया था। मध्य प्रदेश के लिए लक्ष्य 50,000 पम्पसेटो का था। 28-2-1974 तक, 111548 पम्पसेटों को ऊर्जित किया गया। अत: यह लक्ष्य से काफी बढ़ गया है।

पम्पसेटों का ऊर्जन मुख्य काम है जबकि ग्राम विद्युतीकरण केवल आनुसगिक मात्र है। चतुर्थ योजना के दौरान 28-2-1974 तक राज्य सरकार ने 7705 ग्राम विद्युतीकृत किये है।

खण्डवा-अजमेर रेलवे लाइन पर माल यातायात

6085. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या रेल मत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या निर्धारित लक्ष्य के अनुसार खण्डवा-अजमेर रेलवे लाइन माल यातायात आरम्भ करने के लिये तैयार है; और

(ख) यदि नही, तो उसके क्या कारण है ?